योजना | अगले साल होगा सालाना 80000 मीट्रिक टन की क्षमता का विस्तार

245 करोड़ रुपए का निवेश करेगी एचईजी

व्यापार संवाददाता, भोपाल

दक्षिण एशिया में ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड्स के सबसे बड़े निर्माताओं व निर्यातकों में से एक एचईजी लिमिटेड ने गुरुवार को अपने मंडीदीप स्थित प्लांट को 245 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश के द्वारा बढ़ाने की घोषणा की।

यह विस्तार कार्य अगले साल के बीच में पूरा हो जाएगा। उसके बाद कंपनी हर साल 80,000 मीट्रिक टन ग्रेफाइट का उत्पादन करने में सक्षम हो जाएगी और यह दुनिया का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बन जाएगा। ग्रुप के चेयरमैन रवि झुनझुनवाला ने समूह के स्वर्ण जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर यह घोषणा की।

श्री झुनझुनवाला ने कहा कि मंडीदीप प्लांट की मौजूदा क्षमता 66000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जिसके लिए 1123 करोड़ रुपए (26 मिलियन डॉलर) के निवेश की जरूरत पड़ी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान लगभग 1300 करोड़ रुपए का टर्नओवर अर्जित किया। इस स्थापित क्षमता के साथ हम एक ही स्थान पर सबसे ज्यादा ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड का उत्पादन करने वाले दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक हैं। वर्तमान विस्तार योजना के बाद

निवेश की घोषणा करते भीलवाड़ा ग्रुप के चेयरमैन रवि झुनझुनवाला

- आज स्वर्ण जयंती समारोह मनाएगा भीलभाड़ा समूह
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह करेंगे समारोह का उद्घाटन

मंडीदीप की सकल निवेश राशि 1368 करोड़ रुपए हो जाएगी।

एचईजी लिमिटेड 5000 करोड़ रुपए के कारोबारी समूह एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की ग्रुप कंपनी है, यह समूह टैक्सटाइल व विद्युत के क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति रखता है। पांच दशक पहले राजस्थान के छोटे से शहर भीलवाड़ा में टैक्सटाइल की एक छोटी सी यूनिट से शुरु हुआ एलएनजे भीलवाड़ा समूह आज भारत के अग्रणी व्यापार समूहों में गिना जाता है।

मंडीदीप की हुई प्रगति

50 वर्ष पूर्व राजस्थान के भीलवाड़ा मे समूह की आधारशिला रखने वाले एलएन झुनझुनवाला ने कहा कि इस वैभवशाली धरा और यहा के अद्भुत लोगों के प्रति कृतज्ञता दर्शाते हैं। मप्र मे 1970 के दशक के अपने आरंभिक वर्षो को याद करते हुए श्री झुनझुनवाला ने कहा, कि करीब 40 साल पहले जब मैंने मंडीदीप मे शुरुआत की तब यह एक छोटा स्थान हुआ करता था। आज मंडीदीप की प्रगति की है, और हमारे प्रयासों से एचईजी की स्थापना हुई जो आज दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल साइड ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड उत्पादक है।